# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-22.10.2025**

**विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वार चोरी के मामले मे 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, नगद बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0279/2025 धारा 303(a),317(2) बीएनएस कमिश्नरेट का 01 नफर अभियुक्त नियाज पुत्र समसुद्दीन निवासी नई बस्ती पहड़िया थाना लालपुर पांडेयपुर वाराणसी को आज दिनांक 22.10.2025 को समय 01.30 बजे आवास विकास पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 480/- रूपया नकद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 21.10.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा V2 Retail स्टोर पहड़िया से तार चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 विजेन्द्र सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

नियाज पुत्र समसुद्दीन निवासी नई बस्ती पहड़िया थाना लालपुर पांडेयपुर वाराणसी उम्र करीब 18 वर्ष ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दिनांक 22.10.2025 समय 1.30 बजे , आवास विकास पार्क से।

**बरामदगी का विवरण-**

अभियुक्त के कब्जे से कुल 480 रूपये बरामद किया गया।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 0279/2025 धारा 303(a),317(2) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उ0नि0 बिजेन्द्र, का0 रविन्द्र कुमार , का0 पवन यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**